# 2025

# HINDI

## ( Major )

Paper : HIN0500204

**[ आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक) ]**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा संपादित एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(ख) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का जन्म कहाँ हुआ था?

(ग) 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' शीर्षक कविता महादेवी वर्मा के किस काव्य-ग्रंथ में संगृहीत है?

(घ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की कविताओं का मुख्य स्वर क्या है?

(ङ) हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ शोकगीत कौन-सा है?

(च) 'परिवर्तन' कविता किस काव्य संग्रह में संकलित है?

(छ) जयशंकर प्रसाद की सर्वश्रेष्ठ काव्य-कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ज) 'सखि, वे मुझसे कहकर जाते' किस कविता से ली गई पंक्ति है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 6 = 12$

(क) हरिवंश राय 'बच्चन' के किन्हीं दो काव्यों के नाम लिखिए।

(ख) 'नौका विहार' कविता का मूल स्वर क्या है?

(ग) "रेखाओं में भर आभा-जल
दूत साँझ का इसे प्रभाती तक चलने दो।"
—प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कवि की हैं और किस कविता से उद्धृत हैं?

(घ) छायावाद के चार आलोक स्तंभ कौन-कौन हैं?

(ङ) 'सरोज-स्मृति' कविता की केन्द्रीय संवेदना पर विचार कीजिए।

(च) सुभद्रा कुमारी चौहान विरचित दो काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(छ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ज) किस ग्रंथ पर और कब सुमित्रानंदन पंत को साहित्य अकादमी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(झ) महादेवी वर्मा की रचनाओं की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ञ) मैथिलीशरण गुप्त की प्रथम रचना कब और किस पत्रिका में 'हेमंत' शीर्षक से प्रकाशित हुई थी?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'मातृभूमि' कविता के जरिए कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आत्म प्रबोधन' शीर्षक कविता की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) 'नौका-विहार' कविता के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) "काल का अररुण भृकुटि-विलास;
तुम्हारा ही परिहास;
विश्व का अश्रुपूर्ण इतिहास
तुम्हारा ही इतिहास!"
—प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(च) पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की रहस्य-भावना पर प्रकाश डालिए।

(छ) 'मंदिर का दीप' शीर्षक कविता के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ज) हरिवंश राय 'बच्चन' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पठित कविताओं के आधार पर भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की राष्ट्रीय चेतना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) 'चिंता' सर्ग के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'यशोधरा' कविता के जरिए कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ङ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"नींद थी मेरी अचल निस्पंद कण-कण में
प्रथम जागृति थी जगत के प्रथम स्पंदन में,
प्रलय मेरा पता पद-चिह्न जीवन में
शाप हूँ जो बन गया वरदान बंधन में,
कूल भी हूँ कूलहीन प्रवाहिनी भी हूँ।"

★★★